गोलालारीय समाज का मुखपत्र

RNI No. MPHIN/2008/26873
No. MP/ICD/1252/2012-2014

श्री गोलालारीय दिगम्बर जैन समाज न्यास इन्दौर

golalariya_darshan@yahoo.in
गोलालारीय दर्शन यहां भी देख सकते है –
www.golalariya.com

मासिक गोलालारीय दर्शन

अपनों के साथ अपनी बातें

जो भरा नहीं हैं भावों से, बहती जिसमें रसधार नहीं। हृदय नहीं पत्थर हैं वो, जिसे समाज से प्यार नहीं।

वर्ष : 6 अंक : 1 पृष्ठ संख्या : 10 माह – 15 जून 2014 सहयोग राशी – आजीवन सदस्य बनें ।

## अतिथि संपादक की कलम से...

### देश की आर्थिक भुजा - सौं वर्ष बाद अल्पसंख्यक

छठवीं शताब्दी ईसापूर्व प्रथम तीर्थंकर 1008 श्री ऋषभदेव द्वारा स्थापित जैन समुदाय को 20 जनवरी 2014 को अल्पसंख्यक दर्जा मिला। 2001की जनगणना के अनुसार जैन धर्मावलम्बियों की संख्या लगभग 42 लाख थी जो भारत की कुल जनसंख्या का 0.4% है। इसमें से ज्यादातर महाराष्ट्र, राजस्थान, म.प्र., गुजरात, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, दिल्ली में है।

बीसवीं शताब्दी के लगभग 100 वर्षो के लंबे प्रयासों के बाद अल्पसंख्यक दर्जा मिलने से देश और समाज में एक बहस छिड़ गई है। एक ओर लोग तटस्थ या खुश है वहीं दूसरी ओर तर्क दिये जा रहे कि इससे जैन समाज को कौन सी नई पहचान नया मुकाम, नया स्थान या नई सुविधाएँ मिल जायेगी।

जैन समुदाय आर्थिक रुप से संपन्न है, 90% साक्षरता है। समाज और देश की आर्थिक भुजा जैन समाज अपने आप में आर्थिक, बुद्धिजीवी और प्राचीनता की अपेक्षा अत्यंत संपन्न है। सभी धर्मों में प्राचीनता जो विश्व के सभी धर्मों का पथ प्रदर्शक रहा है। ऐसे समुदाय को कोई अलग पहचान की आवश्यकता नहीं है। अल्पसंख्यक का दर्जा मिलने से जैन समुदाय मुख्यधारा से अलग हो जायेगा यह समग्र हिन्दु समाज को तोड़ने की साजिश है जो देश और समाज की एकता के लिए घातक है । ऐसी अनेको आशंकाएँ हमारे और आपके मन में उठ रही है।

आईये एक नज़र अल्पसंख्यक की मांग के इतिहास पर डाल लेते है –

सहिष्णुता का संदेश देने वाले जैन समुदाय के धैर्य का जमकर इम्तिहान लिया गया –

* 20वीं शताब्दी के प्रारंभ में जब मुंबई के सेठ माणिकचंद हीराचंद ने ब्रिटिश हुकुमत के सामने जैन समुदाय को अल्पसंख्यक का दर्जा देने की मांग की तो उन्हें इसके पूरा होने की राह कठिन दिखती थी, लेकिन सौ साल से अधिक लग जायेंगे उन्होंने सोचा ना था। सन् 1909 में अ.भा. दिगम्बर जैन महासभा की मांग को अनसुना किया गया, सन् 1947 में भी संविधान सभा के समक्ष हमारी वर्षों पुरानी मांग को पुन: नज़रअंदाज किया गया, वर्ष 1993 से 2005 में दायर याचिकाओं का निराकरण अंतत: वर्ष 2014 में हुआ। इसके बाद भी लंबी प्रक्रिया होना बाकी है। दर्जे का विरोध करने वाले तर्क दे रहे है कि अब जैन समुदाय भी एससी/एसटी/ओबीसी की तरह आरक्षित हो जायेंगे यह हमारी अज्ञानता ही है। हम संरक्षित होंगे, आरक्षित नहीं।

* हमें यह भ्रम नहीं पालना चाहिए कि हमें नौकरियों में या देश के प्रतिष्ठित संस्थान आईआईटी या आईआईएम



साधना जैन, भोपाल

शेष... पृष्ठ 5 पर

# भोपाल समाज का वार्षिक सम्मेलन सानंद संपन्न








भोपाल, सुधीर जैन। श्री दिगम्बर गोलालारीय समाज भोपाल का वार्षिक स्नेह सम्मेलन मानस भवन भोपाल में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का प्रारंभ श्रीमती आशा जैन पार्षद नगर निगम भोपाल के दीप प्रज्वलन द्वारा हुआ। दीप प्रज्वलन के समय श्री प्रदीप जैन नौहरकलां अध्यक्ष श्री धन्यकुमार जैन कार्यकारी अध्यक्ष , श्री नरेन्द्रकुमार जैन संरक्षक श्री अशोक जैन शांती सीड्स भोपाल, डॉ. सुधीर जैन महामंत्री, श्री राकेश जैन कोषाध्यक्ष, श्री सुनील जैन सहकोषाध्यक्ष श्री राजेश जैन राखपंचमपुर, श्री संजय जैन लालू सहित समस्त पदाधिकारी उपस्थित थे। कार्यक्रम में समाज के लगभग 900 सदस्य उपस्थित थे। कार्यक्रम की विशेष शोभा सुरताल ग्रुप की संगीतमयी प्रस्तुति थी जिसे विमल भंडारी व उनकी टीम ने लगभग 5 घंटे तक ऐसा समा बांधा कि मानस भवन का हाल खचाखच भरा रहा। समिति के अध्यक्ष श्री प्रदीपजी नौहरकलां तथा कार्यकारी अध्यक्ष श्री धन्यकुमारजी ने स्वागत भाषण दिया तथा सामाजिक हित में सभी सदस्यों की सहमति से महत्वपूर्ण निर्णय लिये गये, जिनमें स्थानीय सदस्यों के द्वारा तेरहवीं भोजन ग्रहण न करने का निर्णय शामिल था।

समिति के महामंत्री डॉ. सुधीर जैन ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया, उन्होंने बताया कि गत स्नेह सम्मेलन में प्राप्त सुझावों के आधार पर सदस्यों को आधुनिक संचार के माध्यमों से जोड़ा जावे जिसमें कि एस.एम.एस., वाट्स एप शामिल है। इस अवसर पर दिगम्बर जैन गोलालारीय समाज भोपाल का वाट्स एप मोबाइल नंबर की जानकारी दी। भोपाल समाज की शीघ्र ही रंगीन फोटोयुक्त परिचय पुस्तिका का प्रकाशन किया जा रहा है। समिति के कोषाध्यक्ष श्री राकेश जैन भानपुर तथा सुनील जैन भानपुर ने वार्षिक लेखा जोखा प्रस्तुत किया तथा बचत राशी को फिक्स्ड डिपाजिट में रखने की सूचना दी। समिति के सदस्य श्री प्रदीप जैन नेहरु नगर तथा श्री राजेश जैन राखपंचमपुर सुनील जैन पोस्ट आफिस ने समिति के कार्यक्रम को प्रसारित करने हेतु अथक प्रयास किये।



# प्रतिभा सम्मान समारोह संपन्न



विदिशा, कन्छेदीलाल जैन। 16 मार्च 14 को समाज के प्रतिभावान बच्चों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। प्रतिभा सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि श्री अशोककुमार जैन कार्यकारी अध्यक्ष अ.भा.गोलालारीय समाज, श्री कोमलचंद जैन अध्यक्ष गोलालारीय समाज, श्री बाहुबली जैन सचिव गोलालारीय समाज इन्दौर, श्री राजेन्द्र जैन 'बागो' प्रधान संपादक गोलालारीय दर्शन, श्री शांतिकुमार जैन अध्यक्ष गोलालारीय समाज बासौदा एवं श्री प्रकाश चौधरी अध्यक्ष सकल दि. जैन समाज विदिशा को विशेष रुप से आमंत्रित किया गया।

कार्यक्रम के प्रारंभ में आचार्यश्री विद्यासागरजी के चित्र के समक्ष सभी अतिथियों ने दीप प्रज्वलन किया तत्पश्चात अतिथियों का समाज के प्रबुद्धजनों ने शाल, श्रीफल भेंट कर तिलक लगाकर सम्मान किया गया। अतिथियों ने समाज के उत्थान हेतु अपने अपने विचार प्रगट किए विशेष रुप से सबने यही कहा कि समाज को एकता में बंधे रहना जरुरी है बिना एकता के कुछ भी संभव नहीं। समाज की प्रतिभाओं को उचित सम्मान व मंच प्रदान करना हमारा नैतिक कर्तव्य होना चाहिए। उपस्थित प्रतिभाशाली बच्चों को प्रमाणपत्र, स्मृति चिन्ह एवं धर्म पट्टिका प्रदानकर सम्मानित किया गया। समाज द्वारा संचालित पाठशाला में पढ़ाने वाली दीदीयों का सम्मान भी किया गया। विदिशा गोलालारीय समाज अध्यक्ष श्री अभय वैद्य ने अपने विचार प्रगट करते हुए सभी का आभार प्रदर्शित किया।

## शिक्षा सहायता हेतु सार्थक पहल



स्व. श्री हेमचंदजी मोदी की स्मृति में उनके सुयोग्य पुत्रों (डॉ. रुपेश, निलेश, बृजेश मोदी) द्वारा एक सार्थक पहल की गई है। समाज के आर्थिक रुप से कमजोर बच्चों को उनके विद्यालय की वार्षिक फीस प्रदान करने हेतु प्रतिवर्ष 11000/– की राशि समाज को प्रदान की जावेगी जिसे समाज कार्यकारिणी सदस्य योग्य विद्यार्थियों के संबंधित विद्यालयों में जाकर जमा कराएगा। प्रतिवर्ष इसी तरह से शिक्षा हेतु आर्थिक सहयोग दिया जावेगा। मोदी परिवार द्वारा प्रारंभ किये गये इस पुनीत कार्य को समाज न्यास एवं गोलालारीय दर्शन बधाई देता है।

**परामर्श प्रमुख**



श्री जिनेन्द्रकुमारजी जैन
अहमदाबाद



श्री कैलाशचंदजी जैन
झाँसी

**डॉ. श्रेयांस कुमार जैन, बड़ौत, 9837043221**
**डॉ. कपूरचंद जैन, खतौली, 9412678256**
**प्रधान संपादक**
राजेन्द्र जैन ''बागो'', 9424013136
**सह संपादिका**
श्रीमती अर्चना अजय जैन, 9827796013
श्रीमती अनुपमा रजनीश जैन, 9009066884
**कोषाध्यक्ष –**
सुधेश कुमार जैन, 9827254111
**प्रबंध संपादक**
राजेन्द्र कुमार जैन, सायकलवाले, 9425353972
खुशालचन्द जैन, 9302123879
कोमलचंद जैन, 9329524227
**(संयोजक एवं प्रकाशक)**
बाहुबली जैन, 9827247847


शिरोमणि संरक्षक, परम संरक्षक अपना संक्षिप्त परिचय सपत्नीक फोटो सहित एवं संरक्षक तथा विशेष सहयोगी सदस्य अपना संक्षिप्त परिचय फोटो सहित भेजे ताकि प्रकाशन किया जा सके।

संरक्षक सदस्य
श्री एस.के. जैन, भोपाल

आजीवन सदस्य
श्री राजकुमार जैन, मक्सी

यदि आपको गोलालारीय दर्शन पत्रिका प्राप्त नहीं हो रही है तो अपने शहर के क्षेत्रीय प्रतिनिधियों से संपर्क कर पत्रिका प्राप्त करें।

शेष क्षेत्रीय प्रतिनिधियों की सूची आगामी अंकों में...

## सदस्यता शुल्क

| | |
|---|---|
| शिरोमणि संरक्षक (अ.जा.) | 21000/– |
| परम संरक्षक (अ.जा.) | 11000/– |
| संरक्षक (अ.जा.) | 5100/– |
| विशेष सहयोगी (अ.जा.) | 2100/– |
| आजीवन शुल्क (अ.जा.) | 1100/– |
| सहयोग राशि | 500/– |

आप 'गोलालारीय दर्शन' के बैंक खाते में सहयोग राशि स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के खाता क्रं. 63048875855 IFSC: SBIN0003134 में चेक द्वारा ही जमा कर स्लीप की अपना नवीन पासपोर्ट साईज फोटो फोटोकॉपी के साथ मय जानकारी के कार्यालय पते पर अवश्य भेजें ताकि आपको रसीद भेज कर आपका विवरण प्रकाशित किया जा सके।
नोट – 8 मार्च 2014 से अन्य शहरों से जमा की जाने वाली राशी पर बैंक शुल्क न्यूनतम 50 रु. कर दिया है।
अत: बायोडाटा शुल्क चेक द्वारा पत्रिका के पते पर भेजे।

## विज्ञापन शुल्क (B&W)

| | |
|---|---|
| अंतिम पेज | 6000/– |
| फुल पेज (अंदर) | 5000/– |
| 1/2 पेज | 3000/– |
| 1/4 पेज | 1500/– |
| मांगलिक बधाई फोटो सहित | 1000/– |
| शोक संदेश फोटो सहित | 500/– |
| बॉयोडाटा फोटो सहित | 150/– |

# गंजबासौदा में गांधी चौक मंदिर जीर्णोद्धार का कार्य प्रगति पर...

गंजबासौदा, शांतिकुमार जैन। दसवें तीर्थंकर भगवान की शीतलनाथ के अनेक कल्याणको से सुशोभित भद्दलपुर (विदिशा) नगरी से 50 कि.मी.दूर गंज बासौदा में 550 वर्ष प्राचीन 1008श्री आदिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर, गाँधी चौक के जीर्णोद्धार/पुर्ननिर्माण का कार्य चल रहा है। मंदिर के जीर्णोद्धार का कार्य 108 आचार्य श्री विद्यासागरजी महाराज के आशीर्वाद एवं उनके परम प्रभावक शिष्य 108 मुनिश्री अजितसागरजी महाराज एवं 105 ऐलक श्री विवेकानंदसागरजी महाराज की प्रेरणा से एवं मुनि संघ के सानिध्य में प्रारंभ हुआ। अभी तक एक मंजिल की छत का कार्य पूर्ण हो चुका है तथा दूसरी मंजिल एवं मानस्तंभ निर्माण का कार्य प्रगति पर है।

मंदिरजी में मूलनायक भगवान श्री आदिनाथ जी की अतिप्राचीन, अतिशयकारी मनोग्य प्रतिमा एवं भव्य समवशरण विराजित है। मंदिरजी में सोलहवी, सत्रहवी एवं अठारहवी शताब्दी के 535 हस्तलिखित ग्रंथ संस्कृत, प्राकृत, अर्द्धमग्धी, अपभ्रंश व हिन्दी भाषा के ग्रंथ पूर्व में मंदिरजी के आधार तल में सुरक्षित मिले थे। मंदिरजी में उक्त हस्तलिखित ग्रंथ एवं लगभग 1000 अन्य ग्रंथ, शास्त्रों से परिपूर्ण आचार्य श्री ज्ञानसागरजी ग्रंथालय है। ग्रंथालय हेतु भी भवन का निर्माण प्रस्तावित है। मंदिर अध्यक्ष श्री नेमीचंद जैन एडव्होकेट ने बताया कि पूज्य महाराज श्री अजितसागरजी के निर्देशानुसार मंदिर दो मंजिल, तीन गगनचुंबी शिखर एवं मानस्तंभ सहित निर्माण किया जाना है। जिसमें प्रत्येक तल पर तीन वेदियाँ जिनमें भव्यपाषाण की विशाल प्रतिमाये विराजित होनी है। जिसमें प्रत्येक तल पर तीन वेदियाँ जिनमे भव्य पाषाण की विशाल प्रतिमाये विराजित होनी है। मूलनायक भगवान की पद्मासन करीब 8 फीट ऊंची प्रतिमा होगी एवं मानस्तंभ की ऊंचाई लगभग 41 फीट होगी जिसमें 8 श्रीजी विराजित होंगे। मंदिर अध्यक्ष श्री जैन ने सभी धर्मानुरागी बंधुओं से मंदिर निर्माण में तन मन धन से सहयोग एवं वेदी, प्रतिमा के पुण्यार्जक बनने हेतु विनम्र अपील की। मंदिर निर्माण से संबंधित जानकारी हेतु मंदिर अध्यक्ष श्री नेमीचंद एडवोकेट मो. 9425150286, कार्याध्यक्ष श्री शांतिकुमार जैन, स्टोन सप्लायर मो. 9425149105 एवं महामंत्री श्री सिद्धार्थ कुमार भुजंग मो. 9893779177 से संपर्क किया जा सकता है एवं दानदाता अपनी राशि मंदिर के खाता श्री आदिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर खाता क्रं. 33841016055 भारतीय स्टेट बैंक शाखा गंजबासौदा में भी जमा कर मंदिर निर्माण में सहयोग कर पुण्यानुबंधी पुण्य अर्जन करें।

# शिखरजी ड्रीम्स में भूमि शुद्धि एवं शिलान्यास सानंद संपन्न।

इन्दौर, रेशू जैन। परम पूज्य आचार्यश्री विद्यासागरजी महाराज के परम आशीर्वाद से एवं ऐलक श्री नि:शंकसागरजी महाराज की पावन प्रेरणा से विजयनगर चौराहा से मात्र 5.50 कि.मी. दूर ग्राम अरन्डया में आकार ले रही है, खूबसूरत कालोनी ''शिखरजी ड्रीम्स'' 13 एकड़ की इस आवासीय कालोनी में 1008 श्री पार्श्वनाथ दि. जैन मंदिर का भव्य भूमि पूजन, भूमि शुद्धि एवं शिलान्यास कार्यक्रम इन्दौर गौरव पं. श्री रतनलालजी शास्त्री के निर्देशन में ब्र. अनिल भैयाजी के मार्गदर्शन में विधानाचार्य ब्र. अभय भैयाजी ने श्री अशोक गंगवाल एवं श्री नरेन्द्र बन्ना के द्वारा सानंद संपन्न कराया।

4000 फीट में निर्मित होने वाले 51 फीट ऊंचे जिनालय में मूल नायक 1008 श्री पार्श्वनाथ स्वामी की प्रतिमा शिखरजी ड्रीम्स के डायरेक्टर श्री निशांत स्व. श्री नरेन्द्रकुमार जैन 'सायकलवालों' की ओर से विराजमान की जायेगी। जिनालय में 1008 श्री शांतिनाथ भगवान, श्री पदमप्रभु भगवान, श्री मुनिसुव्रतनाथ भगवान एवं श्री महावीर स्वामी की प्रतिभा भी विराजमान की जाना प्रस्तावित है।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री अनिल जैन 'जैनको', गोलालारीय समाज अध्यक्ष श्री कोमलचंदजी, उद्योगपति सचिन जैन, विजय नगर जैन मंदिर अध्यक्ष सुगनचंद जैन, स्कीम नं. 78 मंदिर अध्यक्ष दिनेशकुमार जैन, श्री फूलचंदजी, श्री महेन्द्रकुमार सायकलवाले के



आतिथ्य में श्री दिलीप एवं चन्द्रेश जैन के संचालन में पूजा विधि कार्यक्रम संपन्न कराया गया।

शिखरजी ड्रीम्स के डायरेक्टर श्री निशांत जैन ने इस अवसर पर बताया कि 13 एकड़ की आवासीय परिसर में रो-हाउस के साथ सर्वसुविधायुक्त बहुमंजिला भवन में सभी साइज में फ्लेट उपलब्ध है। मंदिरजी निर्माण कार्य अतिशीघ्र पूर्ण करा लिया जावेगा व समाजजनों द्वारा कराई जाने वाली बुकिंग पर आकर्षक विशेष छूट प्रदान की जा रही है।

## विवाह की 50वीं वर्षगांठ की हार्दिक शुभकामनाएँ



**श्री सुरेशकुमार–कांतीदेवी जैन**

**दिनांक 20.05.2014**

श्री गोलालारीय दिगम्बर जैन न्यास के वरिष्ठ सदस्य एवं सहसचिव को उनकी 50वीं विवाह वर्षगांठ पर उनके परिवार एवं गोलालारीय न्यास व दर्शन परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएँ।

## अहमदाबाद में जैन भवन का भव्य शिलान्यास संपन्न

अहमदाबाद, श्रेयांस धर्मसैया। श्री 1008 संभवनाथ दि. जैन मंदिर परिसर में 'जैन भवन' का भूमि पूजन एवं भव्य शिलान्यास महोत्सव बालयोगी श्री जयसागरजी महाराज के सानिध्य में दि. 27.2.14 को श्री ऋषभकुमार शास्त्री, नागपुर के निर्देशन में समस्त जैन समाज की उपस्थिति में सानंद संपन्न हुआ। 'जैन भवन' का निर्माण कार्य तीव्र गति से चल रहा है। समाजजनों से आग्रह है कि तन, मन, धन से सहयोग प्रदान करे।



# महावीर जयंती हर्षोल्लास के साथ संपन्न

**विदिशा,** कन्छेदीलाल जैन। नगर के इतिहास में 2014 में मनाई गई महावीर जयंती आने वाले बरसों तक याद की जावेगी। प्रभातफेरी श्री चन्द्रप्रभु मंदिर से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गों से होती हुई तिलक चौक पर किले अंदर की प्रभातफेरी इस में शामिल हो गई, बाद में पार्श्वनाथ जिनालय राम द्वारा की प्रभात फेरी भी शामिल होकर प्रमुख मार्गों से होती हुई माधवगंज पहुँची। प्रभातफेरी में शामिल समाज जन महावीर स्वामी का जयकारा लगा रहे थे, बीच बीच में अहिंसामय भजन गा रहे थे। माधवगंज पहुंचकर पार्क में भव्य ध्वजारोहण संपन्न हुआ।



दि. 13 अप्रैल रविवार को जन्म जयंती के अवसर पर श्रीजी की शोभायात्रा आचार्य श्री विद्यासागरजी के प्रभावक शिष्य पूज्य वीरसागर, पूज्य विशालसागर, पूज्य धवलसागरजी के सानिध्य में शीतलनाथ छोटे जैन मंदिर से प्रारंभ होकर मुख्य मार्गों से होते हुए परमानंद जैन मंदिर पर पहुंची, यहां से एक पालकी और जुड गई जो आगे चलकर जयप्रकाश मंच पर पहुंची। यहां पर अरिहंत विहार मंदिर से आई पालकी भी इस शोभायात्रा में जुड़ गई। इस प्रकार तीन पालकियों में श्रीजी की भव्य शोभायात्रा नगर के विभिन्न मार्गों से होती हुई हरीपुरा शीतलधाम पहुंची। समाजजनों ने अनेक स्थानों पर श्रीजी की आरती उतारी, मुनिसंघ का आशीर्वाद प्राप्त किया।

शीतलधाम में पहुंचकर श्रीजी का अभिषेक शांतिधारा तत्पश्चात सामूहिक माधुर्य भोज संपन्न हुआ, शाम श्रीजी की आरती एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम संपन्न हुए। अगले दिन शीतलधाम में ही अभिषेक, शांतिधारा के पश्चात मुनि संघ के सानिध्य में श्रीजी की शोभायात्रा पुन: अपने अपने मंदिरों की ओर निकली, वहां पहुंचकर अभिषेक, शांतिधारा के पश्चात श्रीजी की वेदियों पर पूर्ण विधि विधान से विराजमान किया गया।

**कल्याण, मुंबई,** संजय जैन। 13 अप्रैल 2014 को महावीर जयंती पर्व श्री 1008 चंद्रप्रभु दिगम्बर जैन मंदिर, कल्याण, मुंबई में बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह प्रभातफेरी से हुई उसके बाद भगवान महावीर स्वामी की पूजा, अभिषेक फिर सामूहिक पूजा हुई। सर्वप्रथम महावीर स्वामीजी की पांडुशिला पर विराजमान करने का गौरव श्री दिनेश जैन सीए को मिला, कलशाभिषेक करने का सौभाग्य श्री प्रदीप कुमार जैन, श्री नरेन्द्र जैन, सुलभ जैन को प्राप्त हुआ। अंत में महावीर स्वामी की आरती करने का श्रेय श्रीमती निधि और अरुण जैन को मिला एवं महावीर स्वामी के माता पिता बनने का सौभाग्य श्रमीती वर्षा बांड को मिला। महावीर जयंती के उपलक्ष्य में जैन पाठशाला के बच्चों के द्वारा एक रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया जिसमें नाटक, गीत आदि प्रस्तुत किये गये।जिसमें मुख्य अतिथि और विशेष अतिथि के रुप में डॉ. एम.पी. जैन चीफ मेडिकल डायरेक्टर आफ सेंट्रल रेलवे, मुंबई तथा श्री राजेन्द्र देवलेकर नगर कल्याण महापालिका को आमंत्रित किया गया। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती श्वेता जैन के साथ पाठशाला के बच्चों ने किया। मुख्य अतिथि में अपने वक्तव्य में भगवान महावीर के जीवन पर प्रकाश डाला, और उसके बाद विशेष अतिथि ने अपने भाषण में जैन समाज को दान देने वाली समाज का दर्जा दिया। श्री अभय जैन ने स्थानीय नगर सेवक श्री राजेन्द्र देवलेकरजी से एक शिखरबद्ध मंदिर हेतु भूमि उपलब्ध कराने की प्रार्थना की, जिसे उन्होंने पूरा करने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम के समापन पर जैन समाज के अध्यक्ष श्री डॉ. नरेन्द्र जैन ने सभी लोगों का आभार व्यक्त किया। सकल दिगम्बर जैन समाज की तरफ से भोजन व्यवस्था की गई।

**झांसी,** राजेश जैन। झांसी में महावीर जयंती हर्षोल्लास के साथ मनायी गई। परस्परोप जीवानाम एवं अहिंसा परमोधर्म: के सिद्धांत के माध्यम से प्राणिमात्र को कल्याण का मार्ग प्रशस्त करने वाले जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी की 2613वीं जन्म जयंती महोत्सव झांसी नगर में हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। प्रभातफेरी नगर के विभिन्न प्रमुख मार्गों से निकाली गई जिसमें बच्चें, महिलाये, पुरुष एवं बुजुर्गजन ने एक स्वर में भगवान महावीर के जयघोष के साथ उनके सिद्धांतों का आह्वान करते हुए मंगल बधाई गीत गाये। अपने हाथों में शांति एवं धर्म की ध्वजा लिए सभी भक्तजनों ने भगवान महावीर स्वामी के जन्मकल्याणक के जयकारे लगाये। सुबह की मांगलिक बेला में करगुंवा जी पहाड़ी स्थित करूणा स्थली पर भगवान महावीर स्वामी की विशाल पद्मासन मूर्ति का श्रद्धालुओं ने धूमधाम से अभिषेक किया तत्पश्चात गांधी रोड स्थित दि. जैन पंचायती बड़ा मंदिर से भगवान महावीर स्वामी के विमान एवं गाजे बाजे के साथ एक शोभायात्रा शहर के मुख्य चौराहों का भ्रमण करते हुए कार्यक्रम स्थल गांधी भवन प्रांगण में पहुंचा। इस अवसर पर वक्ताओं ने अपने उद्बोधन में भगवान महावीर स्वामी के सिद्धांतों को वर्तमान में समूचे मानवता के सर्वांगीण विकास एवं शांति की दिशा में सर्वाधिक प्रासंगिक बताया। भगवान महावीर स्वामी के सत्य, अहिंसा, अपरिग्रह, अचौर्य एवं अनेकांत के सिद्धांत को जन-जन तक पहुंचाना ही वर्तमान की सबसे बडी आवश्यकता है। इस अवसर पर भगवान महावीर स्वामी की प्रतिमा का मंगल अभिषेक मनीष जैन, कमल जैन शिवाजी, सौरभ जैन एवं रमेश जैन ने किया। ध्वजारोहण रविन्द्र जैन एवं शांतकुमार जैन ने किया। भगवान का चित्र अनावरण कैलाशचन्द्र जैन 'वर्धमान' ने किया व मंगल आरती पुष्पेन्द्र जैन ने परिवार सहित की।

इस अवसर पर स्वयंसेवी संस्थाओं ने बढ चढकर हिस्सा लिया जिसमें भारत विकास परिषद रानी झांसी ने हर बार की तरह इस बार भी सुगंधित मीठा दूध एवं शीतल जल जैन मिलन ने मीठा शरबत एवं अन्य संस्थाओं ने जलजीरा, छांछ, ठंडाई एवं मिष्ठान आदि वितरित किया। इस दौरान सर्वश्री कैलाशचंद्र जैन, विष्णुकुमार जैन पंचायत अध्यक्ष, जिनेन्द्र जैन 'गार्ड', इंजी. संतीशचंद्र जैन, अमित जैन, सजल जैन, राजेश जैन बीडीवाले आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन कमल जैन एवं आभार प्रवीण जैन ने व्यक्त किया।

**इन्दौर,** किरण जैन। गोलालारीय महिला मंडल की मासिक बैठक श्रीमती संगीता जैन के आतिथ्य उनके निवास पर संपन्न हुयी। महावीर जयंती के उपलक्ष्य में जन्मोत्सव के गीत गाये गये। बालक महावीर का सुंदर पालना तैयार किया गया उपस्थित महिलाओं ने भक्तिभाव से पालना झूलाया।



मीटिंग में महिला मंडल की अध्यक्षा श्रीमती किरण फणीश ने महावीर जयंती को संपन्न होने वाले कार्यक्रमों की जानकारी दी।



**जबलपुर,** अरविन्द कुमार जैन। श्री दिगम्बर गोलालारीय जैन नवयुवक सभा के तत्वावधान में प्रतिवर्ष की भांति भगवान महावीर स्वामीजी की जयंती के उपलक्ष्य में समाजजनों ने वृद्ध आश्रम एवं कुष्ट आश्रम जाकर श्री राजकुमार जैन द्वारा भगवान महावीर स्वामी के सत्य, अहिंसा, जियो और जीने दो के नारे लगाते हुए संदेशों का वाचन किया गया। कार्यक्रम का संचालन संस्था अध्यक्ष अरविन्द जैन द्वारा किया। कार्यक्रम में जयकुमार जैन, डॉ. सुनील जैन, अश्विन जैन, आलोक जैन, रविन्द्र जैन, श्वेता ऋषभ मोदी, सविता रीतेश मोदी का सहयोग रहा। दिनांक 12.04.14 को रात्रि 9 बजे से श्रीगणेश प्रसाद वर्णी पाठशाला के बच्चों द्वारा भव्य नृत्य-नाटिका, भगवान आदिनाथ के द्वारा बताये गये षठकर्मो का नृत्य नाटिका के माध्यम से वर्णन किया गया एवं दिनांक 13.04.14 को महावीर जयंती के जुलूस में शामिल होने चंद्रप्रभ दिगम्बर जैन मंदिर संगम कालोनी की पालकी निकाली गई, जिसकी पूजन आरती एवं जुलूस का स्वागत किया गया। सकल जैन समाज का शोभायात्रा का जुलूस प्रात: हनुमानतल बडे जैन मंदिर से प्रारंभ होकर शहर के मुख्य मार्गों से होता हुआ कमानिया गेट आया। जहाँ से अन्य झांकियाँ एवं पालकियाँ सम्मिलित हुई। जुलूस में शहर के 15 मंदिरों की झांकियां एवं रजन पालकी, 4 श्रीजी के रथ, 10 बग्घी, 20 बैण्ड पार्टी, 5 धमाल पार्टी, 25 घोड़े एवं बड़ी संख्या में जैन समुदाय के लोग सम्मिलित हुए। जुलूस में परम पूज्य मुनि श्री अमृतसागरजी महाराज का सानिध्य रहा। शोभायात्रा का जुलूस विभिन्न मार्गों से होता हुआ कमानिया गेट पर वापस आया, जहां पर सभी मंदिरों की पालकी एवं श्री जी की पालकी दोपहर कमानिया गेट पर महाशांतिधारा कार्यक्रम हेतु रखी गई। दोपहर में सौधर्म इन्द्र, ईशान इन्द्र आदि द्वारा महाशांतिधारा की गई, उसके बाद माताजी द्वारा धर्मसभा को संबोधित किया गया। शोभायात्रा में मा. सांसद, विधायक एवं नेतागण शामिल हुए।

**नोट – यदि आप परिवार के सदस्य की पुण्य स्मृति में शोक संदेश प्रकाशित करवाना चाहते है तो प्रधान संपादक श्री राजेन्द्र जैन 'बागो' 9424013136 या एस.एम.एस. से संपर्क करे।**

# हैप्पी बर्थडे टू यू....



## पर्व जैन

जन्म दिनांक 17.06.2013

पिता – श्री संकेत जैन
माता – श्रीमती प्रियंका जैन
दादा – श्री सुरेन्द्र जैन, अहमदाबाद
दादी – श्रीमती पवनबेन जैन
नाना – श्री पवन जैन, टेहरका
नानी – श्रीमती मंजु जैन

## अनवी जैन



जन्म दिनांक 19.05.2013

पिता – श्री अंशुल जैन
माता – श्रीमती रसना जैन
दादा – श्री राजेन्द्रकुमार जैन
दादी – श्रीमती मंजु जैन, ललितपुर
नाना – श्री अंजना जैन
नानी – श्रीमती नेमीचंद जैन, बरुआसागर

# भगवान महावीर स्वामी की जयंती पर जियो और जीने दो की गूंज



पवा, विशाल जैन। सिद्धक्षेत्र पावागिरीजी सहित कस्बे के भगवान श्री पार्श्वनाथ एवं वासुपूज्य दिगम्बर जैन मंदिर में जैन धर्म के प्रवर्तक वर्तमान शासन नायक भगवान महावीर स्वामी की 2613वीं जयंती धूमधाम से मनायी गयी, इस अवसर पर सुबह से ही भारी संख्या में श्रद्धालु मंदिर पहुँचे। प्रभात फेरी निकाली तथा भगवान महावीर स्वामी के जन्म कल्याणक पर विविध धार्मिक अनुष्ठान हर्षोल्लास के साथ आयोजित किये गये। मंगल आरती के कार्यक्रम में श्रद्धालुओं ने नृत्य करते झूमते हुए भगवान महावीर स्वामी की भक्ति एवं विशेष पूजन अर्चना की। दोपहर में विमानोत्सव का आयोजन किया गया जिसमें सबसे आगे तैलीय चित्रों को झांकी उसके पीछे घोड़े पर धर्मध्वजा लेकर श्रावक, डी.जे. बैण्ड की धार्मिक धुनों पर नृत्य करते युवाओं के बाद श्रीजी को विमान में लेकर श्रद्धालु तथा सबसे पीछे जीयो और जीने दो के नारे लगाते हुए महिलाएं एवं पुरुष चल रहे थे। मंदिर में ध्वजारोहण, कलशाभिषेक, मंगल आरती एवं फूलमाल का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी के जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए वक्ताओं ने अनेक प्रसंगों की व्याख्या की। किस प्रकार से बालक को पाँच नाम वर्द्धमान, वीर, अतिवीर, सन्मति और महावीर से संबोधित किया गया। उन्होंने बाल ब्रह्मचारी रहते हुए जैनधर्म के पांच सिद्धांतों अहिंसा, सत्य, अचौर्य, अपरिग्रह और ब्रह्मचर्य की प्रभावना करते हुए जैनागम को जन जन तक पहुँचाया। उन्होंने अनेकांत, मैत्री भाव और सहिष्णुता का संदेश दिया तथा अनेक उपसर्गों पर विजय प्राप्त कर कठिन साधना करते हुए 12 वर्ष तप करने पर केवलज्ञान की प्राप्ति के बाद कार्ति अमावस्या के दिन पावापुरी से मोक्ष प्राप्त किया। महावीर स्वामी द्वारा बताये मोक्ष मार्ग का अनुकरण करते हुए अनेक श्रावक घर छोड़कर धर्म की साधना के लिए निकल कर मुनि आर्यिका व्रत को धारण किया, धर्मावलम्बियों ने जियो और जीने दो तथा अहिंसा परमो धर्मा: का प्रचार प्रसार किया। रात्रि में पालना झूलन, बालक्रीड़ा एवं मंगल आरती का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में चौधरी धर्मचन्द्र, मोदी बच्चूलाल, कमलकुमार, शिखरचन्द्र, राजकुमार, जयकुमार, प्रसन्न जैन, अशोक कुमार, आनंद जैन, नरेन्द्रकुमार, मिठया संतप्रसाद, सनतकुमार, यशपाल, प्रकाशचंद, विनोद जैन, सुरेन्द्रकुमार, राजीव जैन, डॉ.महेन्द्र, सुरेश जैन, राकेश मोदी, मेघराज, मनीष कुमार, अरुण कुमार, प्रवीन जैन, अनुराग मिठया, अनिल कुमार, श्रेयांश, सुशील, प्रदीप, विकास, सौरभ, आदेश, अभिषेक, अखलेश, विशाल जैन आदि उपस्थित रहे। संचालन ऋषभ कुमार एवं आभार व्यक्त अरुण बुखारिया ने किया।

# विनम्र श्रद्धांजलि

* **श्री संतोष कुमार जैन** 'जबलपुर' का आकस्मिक निधन 14.02.14 को हो गया। आप अत्यंत ही सरल स्वभावी एवं धार्मिक व्यक्ति थे।

* **सवाई सिंघई कन्छेदीलाल जैन** 'देवेन्द्र नगर' का आकस्मिक निधन दि. 17.02.14 को हो गया है। सिंघईजी सरल स्वभावी और धार्मिक क्रियाकलापों में रुचि रखते थे।

* **श्री सुनील जैन** पिता स्व. नंदकिशोरजी जैन का आकस्मिक निधन इन्दौर में 10.3.14 को हो गया। आप धार्मिक प्रवृत्ति के एवं मिलनसार व्यक्तित्व के धनी थे।

* वैद्यराज श्री धर्मचंदजी जैन देवरान वालों के ज्येष्ठ पुत्र **श्री बसंतकुमार जैन** का निधन 3.05.14 को हो गया। श्री बसंत कुमारजी समाज पेढ़ी श्री पार्श्वनाथ सहकारी साख संस्था के संचालक मंडल के वरिष्ठ सदस्य थे। गोलालारीय सोशल ग्रुप के संस्थापक सदस्य के रुप में आपने ग्रुप को नई उंचाईयां प्रदान की। विगत 30–35 वर्षो से जैन व नीमा समाज की कई संस्थाओं से जुड़कर उनके लिए कार्य करते रहे। आप समाज के हर कार्यक्रम में सक्रिय होकर भाग लेते थे। आपके निधन से समाज को अपूरणीय क्षति हुई है। उनके पुत्र श्री अतुल जैन ने समाज को 11000/– रु. की राशि देने की घोषणा की है।

* **श्रीमती शांतिदेवी जैन** पति स्व. श्री नारायणप्रसादजी का स्वर्गवास दि. 3.05.14 को हो गया। आप श्री ज्ञानसागर जैन की माताजी थी। आप कुशल गृहणी के साथ धार्मिक भावनाओं से ओतप्रोत थी।

* **श्री हुकमचंद मुन्नालाल** जैन का स्वर्गवास दि. 15.05.14 को हो गया। आप एस.ए.टी.आई से सेवानिवृत्त हुये। आप धार्मिक, सरल स्वभाव के धनी थे।

* स्व. पन्नालालजी सेरवास वालों के ज्येष्ठ पुत्र **श्रीअजीत कुमार जैन** का स्वर्गवास दि. 20.05.14 को हो गया है। आप धार्मिक, सरल एवं मिलनसार व्यक्ति थे समाज मंदिर में आप नियमित सेवायें प्रदान करते रहे। वर्ष 2002 में समाज न्यास गठन के बाद लगातार दो कार्यकाल में आपने अस्थायी ट्रस्टी के रुप में विशेष सहयोग प्रदान करा।

* श्री जयकुमारजी (पूर्व अध्यक्ष जबलपुर समाज), मुकेश, दिलीप, सुधेश, राजेश जैन के पूज्य पिताजी **श्री लखमीचंदजी ''घंसौरवालों''** का निधन 26.5.14 को हो गया है। आप धार्मिक प्रवृत्ति के व्यक्तित्व थे।


श्री लखमीचंदजी


श्री कन्छेदीलालजी


श्री बसंतकुमारजी


श्री अजीतकुमारजी


श्री हुकमचंदजी

**गोलालारीय दर्शन परिवार विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करता है।**

# बधाईयाँ...



**श्रीमती लीला अशोक कुमार जरीवाला** को मुनिभक्त महिला मंडल, उज्जैन का अध्यक्ष निर्वाचित किया गया। लगभग 20 वर्ष पुराने इस मंडल में आपने कई वर्षो तक कोषाध्यक्ष एव सचिव पद पर अपना योगदान दिया है। मंडल का मुख्य उद्देश्य उजैन नगर व आसपास के क्षेत्रों में मुनिराजजी के आहार–विहार की व्यवस्थाओं में योगदान देना है।



जवाहरलाल नेहरु स्मृति महाविद्यालय की व्याख्याता **श्रीमती मंजुला जैन** को उनके शोध प्रबंध **माध्यमिक विद्यालय में मानवाधिकार शिक्षा के प्रति संस्था प्रधान तथा शिक्षक के अभिमत अध्ययन** विषय शिक्षा संकाय पर बरकतउल्ला विश्वविद्यालय ने पीएचडी की उपाधि प्रदान की है। श्रीमती मंजुला जैन ने अपना शोध कार्य डॉ. हेमंत कुमार खण्डई विभागाध्यक्ष सतत् शिक्षा एवं विस्तार कार्यक्रम के निर्देशन में पूर्ण किया।



रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर ने **प्रो. श्रीमती आरती सुधांशुराज जैन** को रसायन शास्त्र विषय के अंतर्गत उनके शोध कार्य 'Sorptive Removal of certain Inorganic & organic toxins from simulated water samples by using spent tea leaves as sorbent' पर पी.एच.डी. की उपाधि प्रदान की है। इन्होंने अपना शोध कार्य डॉ. एस.के. वाजपेयी के निर्देशन में किया। आप वर्तमान श्री राम इंस्टीट्यूट ऑफ सांइस एण्ड टेक्नालॉजी, जबलपुर में प्राध्यापिका के पद पर कार्यरत है।

बरकतउल्ला विश्वविद्यालय भोपाल द्वारा शा. स्नातकोत्तर महाविद्यालय भेल भोपाल में कार्यरत गणित विषय की सहायक प्राध्यापक **श्रीमती अर्चना डॉ. संजय जैन** को, सम रिजल्ट्स ऑन फिक्स्ड पाईंट इन यूनिफार्म स्पेस विषय पर पीएच.डी. की उपाधि प्रदान की गयी है, श्रीमती जैन ने अपना शोध कार्य डॉ. अनिल राजपूत प्राध्यापक गणित के मार्गदर्शन में पूर्ण किया।

## भगवान के माता पिता बने...

**श्रीमती सुधा – डॉ. महेन्द्र जैन**



विदिशा जैन समाज के गौरव, दो प्रतिमाधारी शासकीय कॉलेज में कार्यरत कामर्स के प्राध्यापक डॉ.महेन्द्र–सुधा जैन को दि. 5 मई से 10 मई 2014 तक लिधोरा जिला टीकमगढ़ में संपन्न पंचकल्याणक महोत्सव एवं गजरथ महोत्सव में भगवान के माता–पिता बनने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। वे सन् 1995 से वे इस पद को पाने के लिए प्रयासरत थे अब उनकी भावना पूरी हुई।

इनके परिवार के लिए यह सौभाग्य की बात है कि इनके बड़े भाई श्री सुमेरचंद–उषा जैन को पिछले वर्ष मऊरानीपुर (उ.प्र.) में संपन्न पंचकल्याणक महोत्सव मे माता–पिता बनने का सौभाग्य प्राप्त हुआ।

''मंजिलें तो मिल ही जायेंगी, भटक के ही सही। गुमराह तो वो हैं जो घर से निकले ही नहीं।''

## देश की आर्थिक भुजा... का शेष

जैसे शिक्षण संस्थानों में आरक्षण मिल जायगा या हमें आयुसीमा में या फीस में कोई छूट मिल जायेगा।

तर्क यह भी है कि जैन सम्प्रदाय 90% साक्षर है माना वह साक्षर है लेकिन अक्षर ज्ञान को भी साक्षर मान लिया जाता है यह रिसर्च का विषय है कि समाज में उच्च शिक्षित कितने प्रतिशत है ?

* तर्क यह भी कि इससे देश विखण्डित हो जायेगा, मुझे समझ नहीं आता कि हम कौन सा अलग जैनस्तान की मांग कर रहे है या कौन सी असामाजिक गतिविधियां करने लगेंगे।

* मैं स्वयं इतने सारे हिन्दु संगठनों के साथ मिलकर काम कर रही हूँ लेकिन कहीं कोई शंका या आशंका नहीं।

हम जैन बंधु इतने हैरान परेशान है लेकिन क्या किसी भी बड़े हिन्दू संगठन ने हमें यह आश्वासन दिया कि आपके उपासना स्थल हम लोगों के सानिध्य में सुरक्षित संरक्षित और यथास्थिति में ही रहेंगे आप आशंकित होकर अल्पसंख्यक की मांग ना करे।

* तर्क यह भी कि यह सिर्फ शुद्ध राजनीतिक लाभ के लिए है तो इसके परिणाम हम सबके सामने है ?

* सबसे बड़ा भ्रामक तर्क यह है कि जैन समुदाय सर्वसंपन्न समुदाय है उसे किसी तरह के आर्थिक सहयोग की जरुरत नहीं, मैं मानती हूँ कि जिनका पेट और पेटी दोनों भरी हो उन्हें ऐसा सही लगता है लेकिन आपको सत्य से अवगत करा दूँ।

देश में हर साल 10 बड़े सबसे अमीर लोगों की सूची प्रकाशित होती है उसमें एक भी जैन नहीं होता। केवल 10% जैन ही उच्च आय वर्ग के है, 70% मध्यम आय वर्ग और 20% गरीबी रेखा या उससे नीचे के है।

जब मैंने स्कूल छोड़ चुके बच्चों को पुन: स्कूल में प्रवेश दिलाने के प्रयास में भोपाल की झुग्गी बस्तियों में लगातार भ्रमण किया तो पाया कि बहुत से जैन परिवार गरीबी रेखा के नीचे जीवन बसर कर रहे है जिसकी चर्चा मैंने पूज्य श्री नि:शंकसागरजी महाराज से की व समाधान का तरीका खोजने का प्रयास भी करा। आप चाहे तो अपने शहर में थोड़ी सी खोजबीन करके ऐसे परिवारों की वास्तविक स्थिति ज्ञात कर सकते है?

हमारे साथ दुविधा ये है कि हम केवल अपने और अपने परिवार के बारे में ही सोचते है कोई भी बदलाव हम आसानी से पचा नहीं पाते। अपने आप को इतना महिमामंडित कर देते हैं कि दूसरों की ईर्ष्या का कारण बन जाते है। हम केवल खुद ही दौड़ना चाहते है पीछे कौन से साधर्मी बंधु छूट रहे है हमें इसकी तनिक भी परवाह नहीं होती परिणामस्वरुप कितने साधर्मी बंधु धर्म परिवर्तन कर लेते है। उदाहरण स्वरुप दक्षिण के एक गांव के सभी जैन ईसाई बन गये। कहीं ऐसा ना हो आने वाले वर्षों में हम अति अल्पसंख्यक हो जाये।

हम और आप यह बहुत अच्छे से जानते है कि केवल अल्पसंख्यक का दर्जा मिलने मात्र से किसी समुदाय का भला नहीं हो सकता। जब हम अल्प संख्यक नहीं थे तब भी –

